भारत सरकार

सड़क परिवहन औरराजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

तारांकित प्रश्न सं. *315

जिसका उत्तर 10.08.2023 को दिया जाना है

राष्ट्रीय राजमार्ग संबंधी परियोजनाएं

*315. श्री नारणभाई काछड़िया:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) गुजरात में वर्ष 2015 से सरकार द्वारा अनुमोदित राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या राष्ट्रीय राजमार्ग 351 के सभी पांच पैकेजों का अनुमोदन प्रारंभिक चरण से ही लंबित है और यदि हां, तो इसके क्या कारणहैं; और

(ग) गुजरात में राजमार्गों, विशेषकर राष्ट्रीय राजमार्ग-351 पर विचरने वाले पशुओं के लिए सुरक्षा के उपाय सुनिश्चित करने हेतु क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्रीनितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ग) एक विवरण सदन के पटल पर रखा जाता है।

'राष्ट्रीय राजमार्ग संबंधी परियोजनाएं' के संबंध में श्री नारणभाई काछड़िया द्वारा पूछे गए दिनांक 10.08.2023 के लोक सभा तारांकित प्रश्न सं. *315 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

(क) गुजरात के लिए वर्ष 2015 से 64,327 करोड़ रुपये की लागत से 184 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाएं अनुमोदित की गई हैं।

(ख) देश में राष्ट्रीय राजमार्गों का विकास एक सतत् प्रक्रिया है और राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाएं यातायात सघनता, पारस्परिक प्राथमिकता और निधियों की उपलब्धता के आधार पर चरणबद्ध तरीके से शुरू की जाती हैं। गुजरात में महुवा के निकट रारा-51 के साथ अपने जंक्शन से शुरू होकर बधाडा, गावडका, बागासर, थंगलोल को जोड़ने वाले और राष्ट्रीय राजमार्ग-27 पर जेतपुर में समाप्त होने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग-351 का उन्नयन निम्नानुसार पांच पैकेजों में किया गया है।

पैकेज सं.	**खंड**	**लंबाई (किमी)**	**स्थिति**
1	महुवा से बधाडा	47.00	निर्माण पूर्व कार्य-कलापों के लिए 97.62 करोड़ रुपये की अनुमानित धनराशि स्वीकृत। सिविल कार्य के लिए 173.06 करोड़ रुपये की अनुमानित धनराशि स्वीकृत। सिविल कार्य बोली चरण में है।
2	बधाडा से गावडका	43.25	निर्माण पूर्व कार्य-कलापों के लिए 96.04 करोड़ रुपये की अनुमानित धनराशि स्वीकृत।
3	गावडका से बागासर	19.70	संरेखण स्वीकृत। 3(ए) अधिसूचित।
4	बागासर से थंगलोल	40.79	संरेखण स्वीकृत
5	थंगलोल से जेतपुर, जिसमें विदिया और जेतपुर बाईपास शामिल	19.04	संरेखण स्वीकृत

(ग) मवेशियों की सुरक्षित क्रॉसिंग की सुविधा के लिए व्यवहार्यता और स्थल की आवश्यकताओं के आधार पर राष्ट्रीय राजमार्ग-351 सहित राष्ट्रीय राजमार्गों पर मवेशी अंडरपासों का निर्माण किया जाता है। मवेशियों को राष्ट्रीय राजमार्गों पर जाने से रोकने के लिए गार्ड रेल और बाड़ लगाने का भी प्रावधान किया गया है। राष्ट्रीय राजमार्ग के यातायात को सतर्क करने के लिए "मवेशी क्रॉसिंग" और जंगली जानवरों के बारे में चेतावनी साइनबोर्ड भी लगाए गए हैं।

*****